# कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर।

पता– मौलाबाग, आरा पिन नं0– 802301

## सूचना

भोजपुर जिले के विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गणित / भौतिकी / अंग्रेजी / रसायनशास्त्र / प्राणिशास्त्र / वनस्पतिशास्त्र विषय में अतिथि शिक्षक के रुप में सेवा देने हेतु राज्य के इच्छुक अर्हताधारी अभ्यर्थी दिनांक 17.07.2023 से 20.07.2023 तक आवेदन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की अवधि में जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। समयावधि के समाप्ति के उपरान्त प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को आवेदित विषय स्नातकोत्तर में 50 प्रतिशत अंक एवं बी0एड0 योग्यताधारी होना अनिवार्य है। एस0टी0ई0टी0 परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही आवेदन के साथ शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, आवासीय प्रमाण–पत्र, EWS से संबंधित प्रमाण–पत्र एवं आधार कार्ड की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति अवश्य रुप से संलग्न करेंगे।

सुविधा के लिए निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बिहार के पत्रांक 400 दिनांक 12.07.2023 एवं विभागीय अधिसूचना संख्या–51 दिनांक 25.01.2018 तथा आरक्षण रोस्टरवार विभिन्न विषयों की रिक्ति संलग्न है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(स्थापना), भोजपुर, आरा।

# कार्यालय— जिला शिक्षा पदाधिकारी, भोजपुर, आरा।

## राजकीय/राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निर्धारित पारिश्रमिक पर अतिथि शिक्षक—2023

35% महिला का क्षैतिज आरक्षण के साथ रोस्टर समाशोधन

विषयवार, कोटिवार रिक्ति

| क्र0 सं0 | विषय | कुल रिक्त पद | अना0 UR | अना0 महि0 URF | आर्थिक रुप से कमजोर EWS | आर्थिक रुप से कमजोर महि0 EWSF | अ0 पि0 वर्ग EBC | अ0 पि0 वर्ग महि0 EBCF | पि0 वर्ग BC | पि0 वर्ग महि0 BCF | अनु0 जाति SC | अनु0 जाति महि0 SCF | अनु0 जन जाति ST | अनु0 जन जाति महि0 STF | आरक्षित श्रेणी की महि0 RF | कुल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गणित | **7** | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | **7** | |
| 2 | भौतिकी | **7** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | **7** | 1 रिक्ति दृष्टि बाधित के लिए आरक्षित |
| 3 | अंग्रेजी | **6** | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | **6** | |
| 4 | रसायन | **6** | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | **6** | |
| 5 | प्राणिशास्त्र | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** | |
| 6 | वनस्पतिशास्त्र | **3** | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **3** | |
| | **कुल** | **32** | 7 | 2 | 0 | 1 | 4 | 1 | 0 | 0 | 13 | 4 | 0 | 0 | 0 | **32** | |

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(मा0 शि0), भोजपुर, आरा।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
(स्थापना), भोजपुर, आरा

जिला शिक्षा पदाधिकारी
भोजपुर, आरा।

पत्रांक : 09/बि0वि0प0स0–09/2015 400

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

प्रेषक,

**कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव,**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी।**

पटना, दिनांक 12/07/2023

विषय : **राज्य के सभी जिलों में अवस्थित विभिन्न कोटि के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निर्धारित पारिश्रमिक पर अतिथि शिक्षकों की सेवा लेने के संबंध में।**

प्रसंग: विभागीय पत्रांक 371 दिनांक 03.07.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा राज्य के सभी जिलों में अवस्थित विभिन्न कोटि के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निर्धारित पारिश्रमिक पर अतिथि शिक्षकों की सेवा लेने का निदेश देते हुए जिलावार रिक्ति अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र विषयों के लिए समेकित रूप से उपलब्ध कराया गया है। संदर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये जिलावार रिक्ति के विरूद्ध विभागीय संकल्प संख्या–51 दिनांक 25.01.2018 द्वारा किये गये प्रावधान के अनुरूप शिक्षक नियोजन होने तक निर्धारित पारिश्रमिक पर अपने आवश्यकतानुसार विषयों के लिए अतिथि शिक्षकों की सेवा लिये जाने की कार्रवाई पूर्ण करने के लिए समय तालिका निम्नवत निर्धारित की जाती है :–

| क्रमांक | गतिविधि | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | संकल्प में अंकित विषयों के लिए अतिथि शिक्षक की सेवा लेने हेतु उपलब्ध करायी गयी रिक्ति के अधीन विद्यालयों से अधियाचना प्राप्त किया जाना। | 12 जुलाई, 2023 से 14 जुलाई, 2023 |
| 2 | विद्यालयों से प्राप्त अधियाचना के आधार पर उपलब्ध कराये के रिक्त पदों का सामूहिकीकरण कर रोस्टर तैयार किया जाना। | 15 जुलाई, 2023 तक |
| 3 | आरक्षण रोस्टर का अनुमोदन। | 16 जुलाई, 2023 तक |
| 4 | जिलावार विज्ञापन का प्रकाशन जिला स्तर से किया जाना। | 17 जुलाई, 2023 को |
| 5 | प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त किया जाना। | 17 जुलाई, 2023 से 20 जुलाई, 2023 तक |
| 6 | मेधा सूची तैयार करना। | 21 जुलाई, 2023 को |
| 7 | मेधा सूची का प्रकाशन। | 22 जुलाई, 2023 को |
| 8 | मेधा सूची पर आपत्ति। | 24 जुलाई, 2023 को |
| 9 | आपत्तियों का निराकरण। | 25 जुलाई, 2023 को |
| 10 | मेधा सूची का अंतिम प्रकाशन। | 26 जुलाई, 2023 को |
| 11 | अंतिम मेधा सूची के आलोक में चयनित अभ्यर्थियों से विकल्प प्राप्त करना। | 27 जुलाई, 2023 से 28 जुलाई, 2023 तक |
| 12 | चयनित अभ्यर्थियों से प्राप्त विकल्प के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों को विद्यालय आवंटित करना। | 29 जुलाई, 2023 तक |
| 13 | संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा अतिथि शिक्षको आमंत्रित कर योगदान कराना। | 30 जुलाई, 2023 से 31 जुलाई, 2023 तक |

E:\Sec.Edu\Office Letter (SEC.DIRECTOR-R). 1070

Annexure-I (32)

पत्रांक : 09/बि०वि०प०स०-09/2015 ..........

**बिहार सरकार,**

**शिक्षा विभाग।**

**संकल्प**

विषय : राज्य के माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत जिला परिषद एवं विभिन्न नगर निकायों में अवस्थित राजकीय/राजकीयकृत/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक नियोजन होने तक स्वीकृत एवं रिक्त पदों पर अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र विषय के लिए अतिथि शिक्षकों की सेवा निर्धारित पारिश्रमिक पर उपलब्ध कराने की स्वीकृति के संबंध में।

राज्य के माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत जिला परिषद एवं विभिन्न नगर निकायों में अवस्थित राजकीय, राजकीयकृत एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अंग्रेजी, गणित भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र विषयों के सहायक शिक्षकों की आवश्यकतानुसार अनुपलब्धता के कारण उच्च माध्यमिक कक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम विशेषतः अंग्रेजी, गणित भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र विषय के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के अध्यापन कार्य को पूरा करने के लिए अतिथि शिक्षकों की सेवा निर्धारित पारिश्रमिक पर लिया जाना आवश्यक है।

2. वर्त्तमान में राज्य के राजकीय, राजकीयकृत एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में निम्न तालिका अनुसार विषयवार पद रिक्त है :–

| क्र०सं० | विषय | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 1041 |
| 2 | गणित | 791 |
| 3 | भौतिकी | 1024 |
| 4 | रसायनशास्त्र | 974 |
| 5 | प्राणीशास्त्र | 137 |
| 6 | वनस्पतिशास्त्र | 290 |
| | कुल:– | 4257 |

3. राज्य के माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत जिला परिषद एवं विभिन्न नगर निकायों में अवस्थित राजकीय/राजकीयकृत/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक नियोजन होने तक स्वीकृत एवं रिक्त पदों पर अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र एवं वनस्पतिशास्त्र विषय के लिए अतिथि शिक्षकों की सेवा निर्धारित पारिश्रमिक पर उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. उक्त रिक्त पदों पर राज्य के अर्हताधारी बेरोजगार युवक/युवतियों की सेवा अतिथि शिक्षक के रूप में ली जायेगी। इसके लिए निर्धारित अर्हता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निर्दिष्ट विषय में 50 % अंकों के साथ स्नातकोत्तर की योग्यता तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अधिनियम लागू होने के पूर्व मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्था से बी०एड० अथवा अधिनियम लागू होने के बाद राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्था से बी०एड० की डिग्री। माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (पेपर–II) में उत्तीर्णता प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

उच्च माध्यमिक शिक्षा अन्तर्गत जिला परिषद् एवं विभिन्न नगर निकायों में अवस्थित राजकीय/राजकीयकृत/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत संचालित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की सेवा निर्धारित पारिश्रमिक पर लेने हेतु आवेदन पत्र

आवेदन प्रपत्रः–

| स्वअभिप्रमाणित फोटो |
|---|
| |

(क्रम संख्या):–

अतिथि शिक्षक उच्चतर माध्यमिक– प्रशिक्षित ☐ अप्रशिक्षित ☐

1. जिला का नाम :–....................................................................................
2. विषय :–....................................................................................
3. अभ्यर्थी का नाम :–....................................................................................
4. (क) पिता का नाम :–....................................................................................
   (ख) माता का नाम :–....................................................................................
5. जन्म तिथि :–....................................................................................
6. लिंग :– पुरुष ☐ महिला ☐
7. 1 ली जनवरी को आयु :– वर्ष ☐ माह ☐ दिन ☐
8. स्थाई पता– ग्राम/मोहल्ला/सड़क/शहर....................................................................................

....................................................................................................................................

....................................................................................................................................

थाना.............................................. जिला...................................... पिन कोड............................

मोबाईल नं0........................................................ ई–मेल.......................................................................

9. पत्राचार का पता– ग्राम/मोहल्ला/सड़क/शहर....................................................................................

....................................................................................................................................

....................................................................................................................................

थाना.............................................. जिला...................................... पिन कोड............................

10. कोटिः– सामान्य ☐ आरक्षित ☐
11. आरक्षण की कोटिः– अ0ज0 ☐ अ0ज0जा0 ☐ अ0पि0व0 ☐ पि0व0 ☐ आर्थिक रुप से कमजोर ☐
12. यदि विकलांग हो तो–दृष्टि बाधित ☐ श्रवण बाधित ☐ अस्थिजन्य निःशक्त ☐

योग्यता–

| शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक योग्यता | विद्यालय / महाविद्यालय का नाम | बोर्ड / परिषद् या वि0वि0 का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | अध्ययन का विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| माध्यमिक | | | | | | | |
| उच्चतर माध्यमिक | | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | | | |
| एम0टेक0 | | | | | | | |
| बी0एड0 | | | | | | | |

13. (क) एस0टी0ई0टी0 उत्तीर्णता का वर्ष एवं क्रमांक :–.......................................

(ख) एस0टी0ई0टी0 का उत्तीर्णता का प्राप्तांक एवं प्रतिशत :– ....................................

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त सभी सूचनायें सही है। किसी प्रकार की सूचना गलत पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द करते हुए अन्य आवश्यक कानूनी कारवाई की जा सकेगी।

स्थान.....................................

तिथि......................................

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर

---

प्राप्ति रसीद

श्री / सुश्री / श्रीमती......................................................................... विषय.................................

से माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत जिला परिषद् एवं विभिन्न नगर निकायों में अवस्थित / राजकीय / राजकीयकृत / राष्ट्रीयकृत / राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अन्तर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की सेवा निर्धारित पारिश्रमिक पर सेवा लेने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र प्राप्त किया गया, जिसकी प्राप्ति संख्या............... है।

प्राप्तकर्ता का हस्ताक्षर, पूरा नाम एवं पदनाम